तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, अक्टूबर 21, 2024

11 दिसंबर में होगा प्रांतीय आर्य महासम्मेलन



12 छात्रा ने गायन में प्राप्त किया प्रदेश में अव्वल स्थान



### शहर के बाजारों में भी सारा दिन खासी रौनक रही

# जिलेभर में सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत पति के दीदार के साथ जल ग्रहण करके खोले व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में रविवार को करवा चौथ का व्रत धूमधाम से मनाया गया। सुहानिग महिलाओं ने व्रत रख कर अपने पति की लंबी उम्र के लिए कामना की। सुबह के समय में भारी संख्या में महिलाओं में टोलियां बना कर करवा माता की कथा सुनी और पति की लंबी उम्र के लिए भगवान से कामना की। सुहागिनों के अलावा कई लोगों ने पत्नी की लंबी उम्र के लिए व्रत रखे और पत्नी की लंबी उम्र की कामना की। शहर के बाजारों में भी सारा दिन खासी रौनक रही।

### महिलाओं ने करवा चौथ पर सुनी कहानियां

करवाचौथ के त्यौहार पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा और कहानी सुनी। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि करवा चौथ हिंदू पंचाग के अनुसार कार्तिक माह के चौथे दिन होता है। पंरपराओं के अनुसार इस दिन शादीशुदा महिलाएं या जिनकी शादी होने वाली हैं वो अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत करती हैं। ये व्रत सुबह सूरज उगने से पहले से लेकर और रात्रि में चंद्रमा निकलने तक रहता है। ये एक दिवसीय त्योहार अधिकतर उत्तरी भारत के राज्यों में मनाया जाता है। इस दिन सिर्फ पति की लंबी आयु की ही नहीं उसके काम-धंधे धन आदि इच्छाओं की पूर्ति की प्रार्थना करती हैं। करवा चौथ की शुरुआत किसी एक कथा के कारण नहीं हुई थी। इसलिए इस त्योहार की बहुत अधिक महत्वता है। इस दिन के लिए कई सारी कथाओं का प्रचलन है। पूरे भारतवर्ष में हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले लोग बड़ी धूमधाम से करवाचौथ मनाते हैं।



जींद। व्रत को लेकर कथा सुनते हुए महिलाएं। फोटो :हरिभूमि



जींद। चांद का दीदार करते हुए महिला।

### बाजार में रही भीड़

शहर के बाजारों में रविवार को सुबह के समय खासी भीड़ रही। सुबह सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा। दोपहर को करवा माता की कथा सुनी और उसके बाद जलपान किया। रात में चांद निकलने के बाद ही सुहागिनों ने छलनी से पति और चांद के दर्शन करने के बाद अपने व्रत खोले। इस मौके पर पतियों ने अपनी पत्नियों को शानदार गिफ्ट भी दिए। शहर के बाजारों में करवा चौथ को लेकर खरीददारी का दौर दिन भर चलता रहा। वहीं जैसे ही महिलाओं ने चांद को देख कर व्रत को पूरा किया तो शहर के ढाबों व होटलों पर खाना लेने के लिए लंबी लाइनें लग गई।



### पति की लंबी उम्र के लिए रखा व्रत

**उचाना।** करवा चौथ के दिन पत्नियों पतियों की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा। अनेकों जगहों पर पतियों द्वारा भी पत्नियों की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा। दोपहर को महिलाओं ने एकत्रित होकर कथा सुनी। चांद देखकर अपना व्रत पतियों का चेहरा देखकर खोला। करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए रखती है। ये व्रत निर्जला व्रत होता है। चांद दिखाई देने के बाद ही पत्नी पति के हाथ से जल पीती है।

### अहोई के व्रत के लिए खरीदे मिट्टी के बर्तन

करवा चौथ पर पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखने वाली महिलाओं ने होई के व्रत के लिए खरीदारी की। इसके लिए महिलाओं ने मिट्टी के वह बर्तन खरीदे। इनमें होई के व्रत पर पानी भर कर रखा जाता है। अहोई माता से माताएं अपने बेटों और बेटियों की लंबी उम्र की कामना करती हैं।

## खबर संक्षेप

### माकपा ने आयोजित की स्मृति सभा

**जींद।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माकपा जिला कमेटी ने रविवार को मजदूर भवन, धागा मील कॉलोनी जींद में सीताराम येचुरी व बुद्धदेब भट्टाचार्य की याद में स्मृति सभा की। इसकी अध्यक्षता सीपीआईएम नेता फूल सिंह श्योकंद व संचालन कपूर सिंह ने किया। स्मृति सभा में सीपीआईएम के राज्य सचिव सुरेंद्र सिंह, सीपीआई के नेता प्रेम सिंह, कांग्रेस पार्टी की ओर से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के मास्टर वजीर गांगोली, तिलकराज मिगलानी, आप पार्टी से वजीर ढांडा आदि ने सीताराम येचुरी व बुद्धदेब भट्टाचार्य को पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वर्कशॉप का टूटा ताला कीमती उपकरण चोरी

**जींद।** विश्वकर्मा कालोनी में बीती रात चोरों वर्कशॉप का ताला तोड़ कर कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस वर्कशॉप संचालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विश्वकर्मा कालोनी निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कालोनी मे वर्कशॉप है। बीती रात चोरों ने वर्कशॉप का ताला तोड़ कर हैंडकटर, ग्राइंडर, प्रैस राइड, बर्मा मशीन, पंखा समेत अन्य उपकरणों को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला जब वर्कशॉप पर पहुंचा। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोर से कुकर्म के आरोप में तीन नामजद

**कैथल।** ढांड पुलिस ने एक किशोर के साथ कुकर्म करने के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ढांड पुलिस थाना के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव कौल के तीन व्यक्ति टिनू उर्फ जितेंद्र, सुजल तथा मनप्रीत ने 15 अक्टूबर को उसके 14 वर्षीय बेटे के साथ गांव कौल में कुकर्म किया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने बाद में उसके बेटे को जान से मारने की धमकी भी दी। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर जोगेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राम श्याम मासिक संकीर्तन 22 को

**उचाना।** श्रीराम परिवार चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 22 अक्टूबर को 9वां राम श्याम मासिक संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। शहर की लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मशाला में आयोजित होने वाले संकीर्तन में मुख्य अतिथि के तौर पर बाला जी मंदिर पुजारी दिलबाग भक्त पहुंचेंगे। प्रिंस बजाज पानीपत भजन प्रवाहक के तौर पर पहुचेंगे तो गणेश वंदना भारतेंदू शास्त्री करेंगे। मंच संचालन शिवम गोयल द्वारा किया जाएगा।

### संदिग्ध हालात मे युवती गायब, मामला दर्ज

**जींद।** जुलाना से युवती के गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी 18 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाहिता बिना बताए हुई घर से लापता

**कैथल।** थाना ढांड पुलिस ने एक महिला के बिना बताए घर से चले जाने का मामला दर्ज किया है। गांव साकरा के राजेश ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 17 अक्टूबर को उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई। उसने काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल मनीषा रानी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महर्षि दयानंद के 200वीं जयंती वर्ष पर महायज्ञ

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी की भव्य यज्ञशाला में आर्य समाज के संस्थापक व युगप्रवर्तक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती वर्ष तथा निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उप-सभा हरियाणा के तत्वावधान में वैदिक संस्कार पखवाड़ा के अंतर्गत आज प्राचार्या साधना बख्शी की अध्यक्षता में तथा आचार्य रवींद्र कुमार के ब्रह्मत्व में संसार का सर्वश्रेष्ठतम कर्म महायज्ञ वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ किया गया।

यह वैदिक पखवाड़ा 31 अक्टूबर तक मनाया जाएगा, जिसमें आर्य जगत के प्रसिद्ध विद्वान, भजनोपदेशक शामिल होंगे और साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। प्रतिदिन यज्ञ किया जा रहा है। उसी सिलशिले के अन्तर्गत आज कक्षा आठवीं के छात्र तथा छात्राओं व अध्यापकों ने महायज्ञ में आहुतियां अर्पित की। इस मौके पर आचार्य रवीद्रं कुमार ने यज्ञ के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में शांतिपाठ के साथ महायज्ञ का समापन हुआ।



## अंत्योदय परिवारों को फिर शुरू होगा हैप्पी कार्ड वितरण

- चुनावी आचार संहिता लगने के बाद वितरण रोक दिया गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में अंत्योदय परिवारों को फिर से हैप्पी कार्ड वितरण का कार्य शुरू किया जाएगा। हैप्पी कार्ड रोडवेज बसों में एक हजार किलोमीटर मुफ्त यात्रा के लिए बनाया जाता है। चुनावी आचार संहिता लगने के बाद वितरण रोक दिया गया था। अब तक जिले में 149409 पात्रों में से 125358 लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड बांटे जा चुके हैं। अब मुख्यालय से जल्द ही बचे हुए कार्ड आएंगे और इसके बाद डिपो प्रबंधन द्वारा इन्हें वितरित किया जाएगा। गौरतलब है कि सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों के लिए रोडवेज बसों में एक वर्ष में एक हजार किलोमीटर की मुफ्त यात्रा की सुविधा दी है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए हैप्पी कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसी वर्ष मार्च महीने की शुरूआत में लाभार्थियों से इस योजना के तहत आनलाइन आवेदन मांगे गए थे।



नया बस अड्डा, जहां हैप्पी कार्ड का वितरण होता है। फोटो :हरिभूमि

### 125358 कार्ड बांटे जा चुके

जिले में अबतक 149409 लाभार्थियों के हैप्पी कार्ड बन चुके हैं। इनमें से 125358 लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। जींद डिपो में 84649 लाभार्थियों में से 70793 लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। नरवाना सब डिपो में 46951 में से 37867 लाभार्थियों को कार्ड दिए जा चुके हैं। सफीदों सब डिपो में 17809 में से 16698 लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड सौंपे जा चुके हैं।

## शार्ट सर्किट के कारण मकान में लगी आग

**उचाना।** उचाना कलां गांव में पार्क के पास शनिवार देर रात को एक घर में आग लग गई। जिससे घर में रखा लाखों रुपए का सामन जलकर राख हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मकान मालिक का कहना है कि शॉर्ट सर्किट हो सकता है। शॉर्ट सर्किट होने के कारण कमरे में रखा सामान जैसे बैड, गद्दे, अलमारी, एलईडी सहित अन्य कीमती सामान जलकर राख हो गया। मकान मालिक मनदीप ने बताया कि दीवारों पर जो पेंट किया गया था वह भी प्लास्टिक पेंट था। शनिवार देर रात को आग लगी। आग लगने की सूचना जब खिड़की के शीशे टूट कर नीचे गिरे तो लगी। आग लगने के बाद चिल्लाने की आवाज सुन कर पास पड़ोस के लोग वहां पर पहुंचे और आग बुझाने में मदद की। पास के ही घर में एक ट्रैक्टर खड़ा था। जिसके पीछे स्प्रे करने की टंकी पानी की भरी हुई थी। जिस आग बुझाने में मदद हो सकी। वहीं फोन करते ही फायर ब्रिगेड और डायल 112 भी मौके पर पहुंच गई थी।



## यूरोप भिजवाने के नाम पर 19 लाख ठगे, चार के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- तीन युवाओं से 19 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला
- आर्मेनिया के रास्ते यूरोप भिजवाने का झांसा
- आर्मेनिया से आगे भिजवाने से इंकार कर दिया
- आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने राशि देने से भी इंकार कर दिया

थाना तितरम पुलिस में यूरोप भेजने के नाम पर तीन युवाओं से 19 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में पाई के सत्यवान ने तितरम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह विदेश जाना चाहता था। उसके साथ कुरडिया राम के दो बेटे भी जाना चाहते थे। इसे लेकर उसकी बातचीत चंद्रशेखर के साथ हुई। चंद्रशेखर ने उन्हें यूरोप भिजवाने के नाम पर 19 लाख रुपए की राशि ले ली। बाद में चंद्रशेखर ने उन्हें आर्यन, कुलवंत और राजपाल से मिलवाया। आरोपियों ने कहा कि वे उन्हें आर्मेनिया के रास्ते यूरोप भिजवा देंगे। आरोपियों ने 21 सितंबर 2023 को उन्हें दुबई के रास्ते आर्मेनिया भिजवा दिया। इसके बाद आरोपियों ने जब आगे भिजवाने की बात कही तो उन्होंने आगे भिजवाने से इंकार कर दिया। यही नहीं जब उसने आरोपियों से अपनी राशि वापिस मांगी तो आरोपियों ने राशि देने से भी इंकार कर दिया। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर किया नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव में घर में घुस कर नाबालिग से दुष्कर्म करने पर महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव की एक नाबालिग युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 17 अक्टूबर को वह घर में अकेली थी। परिवार के लोग कार्यवश बाहर गए हुए थे। उसी दौरान गांव जामनी निवासी मोहित उनके घर पर आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने तथा विरोध करने पर आरोपित ने उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। बाद में आरोपित घटना के बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मोहित के खिलाफ घर में घुस दुष्कर्म करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सीवन की प्राथमिक पाठशाला में बच्चों संग किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

सीवन के पर्यावरण प्रेमी अभिषेक मेहता ने सीवन की प्राथमिक पाठशाला सौथा रोड में पौधा रोपण किया। अभिषेक मेहता ने बताया कि पौधा रोपण समय की मांग है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण आवश्यक है। हमने अत्यधिक पेड़ काट कर अपने पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ दिया है। इसे सुधारने का कार्य भी हमें ही करना होगा। उन्होंने कहा कि जहां भी हमें खाली स्थान मिले वहां पर पौधा रोपण करें। अपने जन्म दिन या घर में किसी भी शुभ मौके पर पौधा रोपण करें और साथ ही पौधे का संरक्षण भी करें। इससे हम अपने पर्यावरण को बचा सकते हैं और अपने बच्चों को एक सुरक्षित कल दे सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक मनदीप शर्मा, कंवलजीत, सुमन, श्याम लाल, जगमीत, मीना, रेखा, कश्मीर चन्द, गुरजीत व अन्य मौजूद थे।



सीवन में पौधा रोपण करते अभि मेहता व अन्य फोटो :हरिभूमि

रूबरू — पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं की मीटिंग ले भरा जोश

## कांग्रेसी बाप-बेटे की जोड़ी कैथल, कलायत का नाश करने पर तुली : कमलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री कमलेश डांडा ने रविवार को अपने आवास पर कलायत विधानसभा के कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली तथा उनमें जोश भरने का काम किया। ढांडा ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि जिस प्रकार से प्रदेश में बाप-बेटा भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा ने प्रदेश का नाश करने का काम किया है तो उसी तर्ज पर कैथल और कलायत में कांग्रेसी बाप-बेटा की जोड़ी नाश करने पर तुले हैं लेकिन वे ऐसा नहीं होने देंगी क्योंकि यह उनका हलका है तथा जनता आज भी उनके साथ है। उन्होंने सबसे पहले भाजपा तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनने पर सभी को बधाई दी और दोबारा से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पदभार संभालने पर बधाई दी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा है कि किसी से घबराने की जरूरत नहीं है। जल्द ही कलायत में ऑफिस खोलेंगे और हर व्यक्ति की हर सप्ताह आपकी समस्याओं का निवारण करने के लिए हम कलायत आएंगे।



कैथल। पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फोटो :हरिभूमि

### ग्रांट की होगी बल्ले-बल्ले

उन्होंने सरपंचों पर प्रहार करते हुए कहा कि जो सरपंच चुनाव के समय कांग्रेसियों के प्रलोभन में भाजपा छोड मोटी रकम कमाने के लिए कांग्रेस में शामिल हो गए थे। जो भी सरपंच भाजपा के साथ थे, उन्हें विकास कार्यों के लिए ग्रांट में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। मैं उन्हें बता देना चाहती हूं कि भाजपा ऐसी सरकार है जो खाने और खिलाने में विश्वास नहीं रखती। केवल सामूहिक विकास में ही विश्वास रखती है।

## आयशा एकल नृत्य में जिले में प्रथम

**पूंडरी।** बाल भवन कैथल में चल रही जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत ध्रुव स्कूल फतेहपुर की दूसरी कक्षा की छात्रा आयशा ने एकल नृत्य में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल में पहुंचने पर छात्रा को प्राचार्या प्रवीण ढिल्लो ने सम्मानित किया और छात्रा को आगे भी इस प्रकार बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्रबंधक मुकेश अहलुवालिया ने छात्रा व उसके अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि छात्रा को भविष्य में स्कूल की तरफ से किसी भी प्रकार की आवश्यकता रहेगी तो हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बच्चों को भी छात्रा आयशा से प्रेरणा लेने के लिए कहा।

## खबर संक्षेप



### दुकान से सामान चोरी करने का आरोपित काबू

जींद। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने गांव भम्भेवा में रात को दुकान का ताला तोड़ कर वेल्डिंग सेट व अन्य सामान को चोरी करने की गुत्थी को सुलझाते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया। पुलिस आरोपित से चोरी मे शामिल अन्य लोगों के बारे मे पूछताछ कर रही है।

### असमर्थ महिलाओं को बाटेंगे जूते

जींद। असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने बताया कि दीपावली के पावन पर्व पर नरवाना रोड ट्रस्ट के कार्यालय के प्रांगण में जूते वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर की विभिन्न कॉलोनियों से पंजीकृत 40 असमर्थ महिलाओं को 40 जोड़े जूते पहनाए जाएंगे। संस्था असमर्थ महिलाओं की केवल गेहूं के चैकों से ही नहीं समय-समय पर शहर के विभिन्न दानीवीरो के सहयोग से भीषण सर्दी से बचने के लिए असमर्थ महिलाओं को शाल, रजाइयां तथा जूते भी समय-समय पर देती रहती है।

### प्रधान पद चुनाव को लेकर पहले दिन नहीं आया कोई आवेदन

उचाना। दा फूड ग्रेन डीलर एसोसिएशन उचाना मंडी प्रधान पद के चुनाव को लेकर रविवार से फार्म आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई। दो दिनों तक चलने वाले प्रक्रिया के पहले दिन कोई आवेदन फार्म प्रधान पद को लेकर नहीं आया। चुनाव को लेकर बनाई गई कमेटी सदस्यों ने बताया कि प्रधान पद का चुनाव लडने के इच्छुक आढ़ती अब 21 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अपना प्रधान पद को लेकर आवेदन फार्म जमा करवा सकते हैं। फार्म आवेदन के पहले दिन कोई आवेदन नहीं आया है। उन्होंने बताया कि प्रधान पद को लेकर फार्म भरने वालों में से 24 अक्टूबर तक जिसको अपना फार्म वापस लेना है वो ले सकता है।

## फसल अवशेष प्रबंधन पर किसान को प्रति एकड़ मिलेंगे एक हजार

# पराली को रजिस्टर्ड गोशालाओं में भेजने पर मिलेगी 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि

### किसानों को अनुदान पर दिए जा रहे हैं यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

धान उत्पादक किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सरकार एक हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से प्रोत्साहन राशि प्रदान करेगी। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि किसान धान की कटाई के बाद अपने खेत में आग न लगाएं। आग लगाने से वायु प्रदूषण होता है और मिट्टी के पोषक तत्व भी नष्ट हो जाते हैं। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन योजना एसबी.82, 2024-25 के तहत अवशेषों को मशीनों की सहायता से मिट्टी में मिलाने पर किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया है। धान अवशेषों को मिट्टी में मिलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढेगी तथा वातावरण को स्वच्छ रखने में सहायता मिलेगी। जिला के किसान हैप्पी सीडरए सुपर सीडरए रिवर्सिबल एमबी प्लॉव व जीरो टिल सीड ड्रिल की सहायता से धान अवशेषों को मिट्टी में मिला कर प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उपायुक्त ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए किसान को विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणाण्जीओवी.इन पर आवेदन करना होगा। ग्राम स्तरीय कमेटी (वीएलसी) से सत्यापन होने के बाद पात्र किसानों को प्रोत्साहन राशि का लाभ दे दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग से किसान अनुदान पर रोटावेटर, एमबी प्लाव, सुपर सीडर, हैप्पी सीडर आदि आधुनिक कृषि यंत्रों की खरीद कर सकते हैं।



डीसी मोहम्मद इमरान रजा

### खेतों में पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ लिया जाएगा एक्शन : डीसी

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के दृष्टिगत सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार फसल अवशेष जलाने वाले किसानों से जुर्माना वसूल किया जाएगा। फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका लाभ लेते हुए किसान पर्यावरण संरक्षण में योगदान देते हुए फसल अवशेष प्रबंधन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने से ना केवल पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है बल्कि धरती की उर्वरता भी कमजोर हो जाती है। सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन करने पर किसानों को एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इसके अलावा जो किसान पराली प्रबंधन करते हुए पराली को रजिस्टर्ड गोशालाओं में भेजते हैं तो उन्हें 500 रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस योजना के बारे में कृषि विभाग द्वारा विशेष अभियान चला कर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत किसानों को कृषि यंत्रों सुपर सीडर, जीरो ट्रिल मशीन, स्ट्रा चोपर, हैपी सीडर एवं रिवर्सिबल प्लो अनुदान पर दिए जाते हैं। किसान इन कृषि यंत्रों का प्रयोग करके पराली को मिट्टी में मिला कर जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ा सकते हैं या स्ट्रा बेलर मशीन से पराली की गांठ बना कर सरकार द्वारा दी जा रही एक हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि का लाभ उठा सकते हैं। किसान स्वयं अथवा सीएससी सेंटर के माध्यम से प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# सीनियर सिटीजन एसो. की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

वरिष्ठ नागरिक भवन में सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की मीटिंग प्रधान रामनारायण रावल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मंच संचालन महासचिव रोहित शर्मा ने किया। आज के कार्यक्रम में सुरेंद्र हरित ने रामायण पर बहुत ही रोचक प्रसंग सुना कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। डॉ रमेश पबरेजा ने मानव शरीर में रक्त संचालन के महत्व पर बल देते हुए रक्त कोशिकाएं व हीमोग्लोबिन के बारे में बताया। कैप्टन रिटायर्ड रविदत्त शर्मा और फकीर चंद गर्ग ने पुराने गीत सुना कर सारा वातावरण खुशनुमा बना दिया। इस माह में जन्मदिन आने पर सुरेन्द्र हरित, इन्द्र बंसल, जगदीश कालड़ा व हरी शरण गुप्ता को माल्यार्पण करके व उपहार भेंट करके सुखी व स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई। सभा के समापन पर प्रधान रामनारायण रावल ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया व वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के लिए स्थानीय प्रशासन से सम्पर्क करके समाधान के लिए सुझाव दिये। इस अवसर पर डॉ जीएल चावला, प्रदीप शर्मा एडवोकेट, ज्ञान चंद भल्ला, सुन्दर लाल चावला, सतपाल धीमान, जयपाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



कैथल। वरिष्ठ नागरिकों का जन्मदिन मनाते हुए एसोसिएशन के सदस्य।

# सम्मेलन की तैयारियों में जुटा जैन समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

ऐतिहासिक जैन संत साध्वी सम्मेलन के भव्य आयोजन हेतु जैन समाज तैयारियों में जुट गया है। जैन यूनिटी के प्रवक्ता राजेश जैन ने बताया जैन समाज के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में रूपरेखा बनाने का कार्य प्रगति है। जैन यूनिटी समूह भी इस कार्य में अपना पूर्ण सहयोग रात दिन देने मे लगा है। गौरतलब है कि इस प्रस्तावित सम्मेलन में भारतवर्ष के महान संत साध्वी पधार रहे हैं। इस क्षेत्र में यह इस प्रकार का पहला सम्मेलन होगा। जैन समाज का प्रतिनिधि मंडल प्रधान नरेश जैन की अध्यक्षता में जैन संतो को निमंत्रण देने अमृतसरए धुरीए जम्मू इत्यादि विनती करने जा चुका है। महान संत अपनी ओजस्वी वाणी से क्षेत्र को धर्ममय करेंगे।



नरवाना। तैयारी में जुटे कार्यकर्ता।

# शहीद सिपाही मिठियां को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के सौजन्य से शहीद सिपाही मिठियां पांच जाट रेजीमेंट के पैतृक गांव भाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान जगजीत फौजी ने की। जिसमें मुख्य अतिथि शहीद की वीरांगना रत्नी देवी और उनके पुत्र बहादुर सिंह ढुल रहे। इस दौरान रत्नी देवी ने अपने पति शूरवीर योद्धा अमर बलिदानी सिपाही मिठिया की प्रतिमा के आगे जोत प्रज्वलित की और उनके चरणों में पुष्प अर्पित किए। इस दौरान देश की सेना में सेवा दे कर आगे बढ़ते हुए शहीद के पोते सुशील कुमार जो कि भारतीय सेना में सेवारत हैं। अपनी दादी मां के साथ श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में उनके संघ के साथी जिन्होंने इनके साथ 1962 में भारत चीन युद्ध लडा वह बहादुर योद्धा भी श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजन में शामिल हुए। इनमें कैप्टन अभे सिंह कैप्टन मुख्तार सिंह जांगड़ा रिसालदार मेजर गोपीचंद पुंडरी प्रधान ढांड प्रधान सूबेदार उदयभान शर्मा हवलदार करम सिंह सरपंच इन सभी ने भी श्रद्धांजलि देने के बाद 1962 1965 और 1971 के युद्ध की याद को ताजा किया और शहीद की पत्नी को माला पहनकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में स्कूल से मास्टर नरेश कुमार सूबेदार सुरजीत सिंह एल डी जयपाल नायक रामेश्वर कैप्टन मोहन सिंह दफेदार बलवान नैन दफेदार रामचंद्र मलिक हवलदार रामेश्वर सूबेदार शमशेर सिंह राजौंद सुबेदार बलवीर माजरा रिश्तेदार कर्मवीर सिंह भाल रिसालदार खजान सिंह सूबेदार दया नन्द भाना नायक कर्म सिंह अन्य गणमान्य व्यक्ति व मातृशक्ति ने भी श्रद्धांजलि दी।



राजौंद। गांव भाना में शहीद की याद में आयोजित समारोह के दौरान।

# एसडीएम ने ली किसानों की बैठक, किया जागरूक

- धान अवशेष न जलाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत क्षेत्र में धान अवशेष जलाने की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। इसके तहत केवल फ्लैग मार्च निकालते हुए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही एसडीएम सत्यवान सिंह मान की अगुवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्र में विशेष जन संपर्क अभियान चलाकर हर स्तर पर किसानों को धान अवशेष न जलाने की अपील कर रहे हैं। इस मिशन को लेकर एसडीएम ने रविवार को भी किसानों से बैठकों का दौर गांव दर गांव सुबह से सायं तक जारी रखा। उनके साथ बीडीपीओ जगजीत सिंह, डा.कुलदीप शर्मा, थाना प्रभारी जयभगवान सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारी ने ग्राम सचिवों, पटवारियों, नंबरदारों, पंचायती राज प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की मौजूदगी में धान अवशेष जलाने से निरंतर बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण की क्रमवार जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रकृति के प्रहरी माना जाता रहा है। इस मायने से पर्यावरण संरक्षण के प्रति किसान हर किसी के प्रेरणा स्त्रोत हैं। जो किसान धान अवशेषों को जला रहे हैं वे खुद के साथ-साथ आम जन के लिए बड़ी समस्या खड़ी कर रहे हैं। वर्तमान और भविष्य के लिए यह एक बड़ी आफ्त है। एक तरह किसान खेती को मुनाफे का सौदा बनाने के प्रयास में रहता है दूसरी तरह धान के अवशेष जलाकर भूमि की उपजाऊ शक्ति को कमजोर किया जा रहा है। ऐसा ही चलता रहा तो धरती माता बांझ हो जाएगी। फिर यह माटी सोना, चांदी और हीरे-मोती कैसे उगल पाएगी? कैसे देश-प्रदेश के लोगों का पालन पोषण होगा। एसडीएम ने कहा कि हरी के प्रदेश हरियाणा की ख्याती धरा को हरा-भरा और कृषि को उन्नत बनाने की रही है। बावजूद इसके खेत-खलिहानों में आग धधकाना गंभीर विषय है। यही वजह है कि धान अवशेष जलाने वाले किसानों के खिलाफ शासन-प्रशासन को मामला दर्ज करवाने का निर्णय लेना पड़ रहा है। मौजूदा संकट को देखते हुए किसानों को अपनी जिम्मेवारी समझनी चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद किसानों ने प्रशासन को फसल अवशेष न जलाने का भी भरोसा दिलाया।



कलायत। किसानों को जागरूक करते एसडीएम सत्यवान सिंह मान

# अग्रोहा धाम में राष्ट्रीय मेला 10 नवंबर को : राजकुमार गोयल

- पूरे देश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

10 नवम्बर को अग्रोहा धाम में राष्ट्रीय मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हरियाणा व आसपास के राज्यों के साथ साथ पूरे देश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए अग्रोहा धाम के प्रदेश प्रवक्ता डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि मेले में पूरा दिन धार्मिक अनुष्ठान, भजन कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न तरह की सामाजिक गतिविधियां आयोजित होगी। यह मेला राष्ट्रीय स्तर पर न केवल धार्मिक महत्व रखता है बल्कि सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक सेवा का प्रतीक भी है। गोयल ने बताया कि इस ऐतिहासिक मेले में अग्रोहा धाम के मुख्य संरक्षक एवं राज्य सभा के पूर्व सांसद डा. सुभाष चंद्रा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग अग्रोहा धाम मेले की अध्यक्षता करेंगे। बजरंग दास गर्ग की देख रेख में ही यह पूरा समारोह आयोजित किया जा रहा है। परम पूज्य महामंडलेश्वर महा ब्रह्मर्षि कुमार स्वामी का शुभ आर्शिवाद रहेगा। देश के जाने माने भजन गायक कन्हैया मित्तल सुन्दर सुन्दर भजनों के माध्यम से उपस्थित जन का मन मोहने का काम करेंगे। इस अग्रोहा धाम मेले में 10 नवम्बर को सुबह शक्ति सरोवर स्नान का कार्यक्रम होगा फिर अलग अलग मंदिरों में आरती व पूजा होगी। उसके बाद हजारों महिलाओं के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी फिर छप्पन भोग का कार्यक्रम रहेगा। दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। उसके बाद ध्वजारोहण के साथ विशाल महासम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें समाज के राष्ट्रीय प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रहित को लेकर संबोधन किया जाएगा।



राजकुमार गोयल

# घरों से बाहर पोलों पर लगे बिजली मीटर बुरी तरह से टूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के वार्ड 3 स्थित श्री रैदास चौपाल के आसपास घरों से बाहर पोलों पर लगे बिजली मीटर बुरी तरह से टूटे हैं। कई मीटर पर टूट कर बेहद नीचे लटके हैं। इससे न केवल किसी समय भी आवासीय क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बिगड़ सकती है बल्कि हादसे की संभावना बनी है। रामचंद्र धानियां, कुलदीप दहिया, मनोहर लाल, कृष्ण कुमार, जगदीश चंद और प्रभावित क्षेत्र के दूसरे लोगों ने समस्या के निवारण की मांग बिजली निगम उप मंडल अभियंता अंकित रंगा से की है। उनका कहना है कि चौपाल के आसपास अकसर महिलाओं, बड़े-बुजुर्ग, युवाओं व बच्चों का आना जाना रहता है। थोड़ी सी लापरवाही निगम व आम जन को भारी पड़ सकती है। इसलिए विशेष अभियान चलाकर तमाम टूटे मीटर और बाक्सों को दुरुस्त किया जाए। इससे निगम और उपभोक्ताओं के बीच बेहतर तालमेल बनेगा। दीगर है कि कलायत क्षेत्र में बिजली करंट से कई गंभीर हादसे हो चुके हैं। ऐसे में अविलंब समस्या का हल जरूरी है।

### प्रभावी तौर से होगा समाधान: एसडीओ

कलायत के बिजली निगम उप मंडल अभियंता अंकित रंगा ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्या को हर स्तर पर गंभीरता से लिया जा रहा है। मामला अभी उनके संज्ञान में आया है। तुरंत प्रभाव से व्यवस्था को दुरुस्त करवाया जाएगा।

# कुश्ती प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर लौटे खिलाडी कुसमित किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गौरव स्कूल रोहेड़ा के विद्यार्थी कुसमित ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल गांव व जिले का नाम रोशन किया। विद्यार्थी का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने बताया कि सर छोटू राम स्टेडियम रोहतक में राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कैथल जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे गौरव स्कूल रोहेड़ा के विद्यार्थी कुसमित पुत्र महिपाल ने 24 किलो भार वर्ग कुश्ती में तृतीय स्थान प्राप्त करके अपने माता-पिता स्कूल गांव व जिले का नाम रोशन किया। इस दौरान उन्होंने पी टी आई जोगिंद्र सिंह चहल व विद्यार्थी को बधाई दी। उन्होंने खेलों के महत्व बारे बताया व विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान जयपाल बलविंद्र जोगिंद्र राहुल कुलदीप विजय दीपक महावीर जसमेर आशा मोनिका कीर्ति ममता सुमन सुनीता नीतू रितु निशा ज्योति व रिंकी ने विद्यार्थी को बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



राजौंद। गौरव स्कूल के विद्यार्थी कुसमित व अन्य।

# शक्ति का भंडार है नारी, जरूरत है आज उसे प्रकट करने की : पवन शर्मा

- अखंड सौभाग्य का पर्व करवा चौथ पर्व श्रद्धा से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखंड सौभाग्य का पर्व करवा चौथ पर्व पर रविवार को दोपहर बाद माता वैष्णवी धाम में पूर्ण हर्षोल्लास व श्रद्धाभक्तिपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सजी-संवरी महिलाओं ने मां वैष्णवी व भगवान गणपति की भावपूर्वक सामूहिक आरती उतार कर उनसे अखंड सुहाग की कामना की। धाम के मैनेजिंग ट्रस्टी आचार्य पवन शर्मा ने इस अवसर पर नारी जाति के लिए मंगलकामना करते हुए कहा कि तुम्हारा अणु-अणु शक्ति से भरा है, पुरूषार्थ करके उस शक्ति के भंडार का द्वार खोल दो, मां जगदंबा की अपार शक्ति तुममें निहित है। जरूरत है उसको जगाने की, उसको आंदोलित करने की। उन्होंने कहा कि तुम साक्षात भगवती हो, देवराज इंद्र भी तुमसे कांपते थे। सूर्य तुम्हारी जुबान पर रूक जाते थे। ब्रह्मा, विष्णु, महेश तुम्हारे समक्ष शिशु होकर खेलते रहे हैं। रावण जैसे बलशाली राक्षस तुमसे थर्राते थे। अतः अपनी उस अस्मिता को सुरक्षित रखने के लिए संसार के मिथ्या सुखों में फंस कर कभी भी अपने स्वरूप को न भूलो।



जींद। पूजा अर्चना करते हुए महिलाएं।

## मौलिक शिक्षा विभाग ने मुफ्त आई कार्ड करवाए उपलब्ध

# पहली से पांचवी तक के सभी बच्चों को मिले आई कार्ड

- बच्चों मे खुशी ओर उल्लास का माहौल : राजेश वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निपुण हरियाणा मिशन के तहत नई शिक्षण पद्धति से बालवाटिका से पांचवी कक्षा के बच्चों को पढाया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कक्षा कक्ष मे सही ढंग से कार्य हो ओर बच्चों मे उत्सुकता का वातावरण बने, इसी बात का ध्यान रखते हुए मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के तहत जिले के कक्षा पहली से पांचवी तक के सभी बच्चों को मौलिक शिक्षा विभाग ने मुफ्त आई कार्ड उपलब्ध करवाए गए हैं। जिले में इस समय कक्षा बालवाटिका से पांचवी कक्षा तक कुल 39097 बच्चे सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हैं।



जींद। गले में आई कार्ड डाले हुए बच्चे।



### कक्षानुसार जिले मे बच्चों की संख्या

बालवाटिका -4443
पहली -4560
दूसरी -4896
तीसरी-7406
चौथी -8540
पांचवी -9252

### गले में आईकार्ड डाल उत्सुक दिखाई दिए बच्चे : राजेश

एफएलएन जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि बच्चों में आत्मविश्वास बढा और बच्चे की स्कूल से संबंधित सभी जानकारी आई कार्ड में हों ताकि अभिभावक भी बच्चे के स्कूल रिकॉर्ड से रूबरू हो। बच्चों मे उत्सुकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी जब स्कूल मुखियाओं ने बच्चों को आई कार्ड दिए और बच्चों ने इसे गले मे डालकर एक दूसरे से पूछा कि वो गले में आई कार्ड डाल कर कैसे लग रहे हैं व कैसा महसूस कर रहे है।

**खबर संक्षेप**

### छह किसानों के खेतों से बिजली की तार चोरी

**जींद।** गांव घिमाना में बीती रात चोरों ने आधा दर्जन किसानों के खेतों से कीमती बिजली केबलों को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव घिमाना निवासी रामगोपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों न उसके खेत में सबमर्सिबल बिजली कॉपर केबल को चोरी करी लिया। चोरी की घटना का सुबह उस समय पता चला जब वह खेत में पहुंचा।

### अश्लील हरकत का विरोध पर महिला से मारपीट

**जींद।** गांव बेलरखां में महिला ने अश्लील हरकत का विरोध किया तो आरोपित ने परिजनों के साथ घर में घुस कर महिला से मारपीट करने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ अश्लील मामला दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही गुरमीत ने उसके साथ अश्लील हरकत की। जिस पर उसने विरोध किया। आरोपित गुरमीत तथा उसके परिजन घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### अलग-अलग स्थानों से लाखों का सामान चुराया

**कैथल।** जिले में चोर चोरी की अलग-अलग घटनाओं में लाखों का सामान चुराकर ले गए। कलासर के रामफल ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि अज्ञात चोर 9 अक्टूबर को उसके खेत से पाइप, मोटर व अन्य सामान चुरा कर ले गए। । इसी प्रकार से दूसरे मामले में कलायत के जयवीर ने आरोप लगाया है कि चोर 18 अक्टूबर को वार्ड नंबर 12 से उसकी बाइक चुरा कर ले गए। तीसरे मामले में पुंडरी के रामकुमार ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि कर 17 अक्टूबर को उसके खेत में बने कमरे से 3 एचपी की मोटर, स्टार्टर, तार व अन्य सामान चुरा कर ले गए।

### हमले के मामले में तीसरा आरोपी काबू

**कैथल।** युवक को गोली मारकर कातिलाना हमला करने के मामले की जांच थाना शहर प्रबंधक इंस्पेक्टर बीर सिंह की अगुवाई में पीएसआई सनेश कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव पाडला निवासी हर्ष उर्फ को गांव पाडला से गिरफ्तार कर लिया गया।

### योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें : महेंद्र

**उचाना।** आर्य समाज परिसर में चल रहे अनिश्चित कालीन योग शिविर में योग साधकों की संख्या बढ़ रही है। योगाचार्य महेंद्र खापड़ ने कहा कि योग रक्तचाप और हृद्य गति को नियंत्रित रखने में मदद करता है। नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करने से शरीर को आराम मिलता है। योग से आत्मविश्वास, एकाग्रता एवं शरीर के समन्वय में सुधार होता है। योग से आपको नींद अच्छी आती है। पाचनतंत्र ठीक होता है और डायबिटीज की समस्या से राहत मिलती है। लोगों को प्रतिदिन योग शिविर का हिस्सा बनना चाहिए ताकि कुछ दिन योग सीख कर घर पर योग कर सकें। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

## करोड़ों रुपये की योजनाएं और विकास कार्य अधर में लटके

# कलायत को 10 वर्ष पहले उपमंडल का दर्जा मिला लेकिन नहीं हुआ विकास

विधानसभा चुनाव से पहले सरकार द्वारा करोड़ों रुपए का बजट विभिन्न विकास कार्यों के लिए जारी किया गया। विकास को गति मिलने की उम्मीद



**कलायत।** कलायत शहर की कच्ची गलियों की मुंह बोलती तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत को भले ही 10 वर्ष पहले उप मंडल का दर्जा तो मिला। लेकिन इस मायने से विकास की रफ्तार को तेज करने की बेहद दरकार है। इसके चलते करोड़ों रुपए की योजनाएं और विकास कार्य अधर में लटके हैं। शहर के विकास कार्यों को गति न मिल पाने की वर्तमान में सबसे बड़ी वजह शीर्ष अधिकारियों के आदेशों के बावजूद भी कलायत नपा में पालिका अभियंता द्वारा जिम्मेवार न संभालना है।

जबकि पिछले कई दिनों से धरातल पर काम करने के आदेश जारी हैं। इसके चलते कलायत नगर पालिका में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता अभियान के तहत मिलने वाली अनुदान राशि, डोर टू डोर एजेंसी का नियमित भुगतान, निर्माण एजेसियों की प्रभावी रूप से पेमेंट, करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों को शुरू करवाने और कई अहम कार्य अधर में लटके हैं। राज कुमार मुदगिल, मा.कुलदीप भट्ट संजय कुमार, अमित, प्रवीण कुमार, सुनील कुमार और दूसरे नागरिकों का कहना है कि विधानसभा चुनाव से पहले सरकार द्वारा करोड़ों रुपए का बजट विभिन्न विकास कार्यों के लिए जारी किया गया। हर किसी को विधानसभा चुनाव उपरांत विकास को गति मिलने की उम्मीद रही है। अभी तक विकास कार्यों की गतिविधियां तेज नहीं हुई हैं। कलायत में अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्य में न जाने क्यों रुचि कम है। इसके चलते ही सरकार द्वारा बजट जारी होने के बाद भी बहुत सी योजनाएं सिरे नहीं चढ़ पा रही हैं। इससे लोग बेहद मायूस हैं। उनका कहना है कि सरकारी कर्मियों को ड्यटि में रुचि लेते हुए गतिशीलता से कार्य करना चाहिए। इससे व्यवस्था का ढांच मजबूत होता है साथ ही सरकारी कर्मियों और जनता में संवाद मजबूत होता है।कलायत शहर में विकास कार्य जहां गति नहीं पकड़ पा रहे वहीं सरकार नियमों को तोड़ने की गतिविधियां तेजी से जारी हैं। इस कड़ी में कलायत अनाज मंडी से लेकर नेशनल हाई-वे तक अवैध कालोनी काटने के लिए बढ़ाई गई गतिविधियों से डीटीपी विभाग की दूरी गंभीर विषय है। हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है कि आखिरकार ऐसी कौन सी वजह है जिसके चलते अधिकारी नियमों की पालना नहीं करवा पा रहे।

### जल्द ड्यूटी संभालेंगे पालिका अभियंताः सचिव

कलायत नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि एक पालिका अभियंता को तुरंत प्रभाव से अतिरिक्त प्रभार संभालने के निर्देश शीर्ष अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। वे जल्द ड्यूटि पर आकर संबंधित कार्यों को पूरा करवाएंगे।

इसके साथ ही सोमवार से बीच अधर में लटके निर्माण कार्यों को गतिशीलता से शुरू किया जाएगा। पालिका का लक्ष्य एसडीएम एवं प्रशासक सत्यवान मान की देखरेख में कलायत में गतिशीलता-पारदर्शिता से विकास कार्यों को पूरा करवाना है और नागरिकों को पूरी उम्मीद है।

### महत्वपूर्ण विकास कार्य और योजनाएं नहीं चढ़ पा रही सिरे

1. शहर को रोशन करने की स्ट्रीट लाइट योजना
2. कलायत नगर पालिका के माध्यम से अनुसूचित वर्ग की कालोनियों को विकसित करने के लिए जारी 4 करोड़ 77 लाख रुपए बजट के विभिन्न विकास कार्य
3. श्री कपिल मुनि सरोवर तट के नजदीक माता देवहुति और डा.भीम राव अंबेडकर संग्राहलय
4. भगवान परशु राम सामुदायिक भवन और महाराजा अग्रसेन पार्क
5. श्री कपिल मुनि कालेज से बस स्टेंड के बीच नगर पालिका की आय बढ़ाने के लिए दुकानों का निर्माण कार्य
6. बड़ी राजपूत चौपाल कायाकल्प योजना
7. वार्ड 1 में सामुदायिक भवन और शहर के अलग-अलग वार्डों में गली निर्माण
8. इंडोर खेल स्टेडियम



**जींद।** बैठक को संबोधित करते हुए स्वामी आर्यवेश।

# दिसंबर में होगा प्रांतीय आर्य महासम्मेलन

- सम्मेलन में समाज में हो रहे नैतिक पतन, बढ़ती हुई चरित्रहीनता, महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ आवाज होगी बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के आर्य समाजों के कार्यकर्ताओं की बैठक महर्षि दयानंद योग चिकित्सा आश्रम में स्वामी रामवेश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यअतिथि सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश रहे।

बैठक का संचालन वरिष्ठ आर्य नेता रणधीर रेढू एडवोकेट ने किया। स्वामी आर्यवेश ने सम्मेलन का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए बताया कि समाज में हो रहे नैतिक पतन, बढ़ती हुई चरित्रहीनता, महिलाओं पर अत्याचार, कन्या भ्रूण हत्या, नशाखोरी एवं धर्म के नाम पर पनप रहे अंधविश्वास एवं पाखंड के विरुद्ध लोगों में जागरूकता पैदा करने तथा इन सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए युवाओं को संकल्प दिलाने हेतु आर्य समाज यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। स्वामी रामवेश ने कहा कि आज सम्मेलन की तैयारी के लिए सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी निश्चित की गई। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी जी तोड़ मेहनत करेंगे। स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि तैयारी समीक्षा के लिए आगामी बैठक 17 नवंबर को होगी। गांव-गांव जाकर प्रचार प्रसार करेंगे।

अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, स्वामी श्रद्धानंद की स्मृति एवं ऋषि दयानंद के 200वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इस सम्मेलन में पूरे प्रांत के हजारों आर्यजन शामिल होंगे। रविवार को हुई बैठक में धर्मबीर, अशोक आर्य, सज्जन राठी, जगफूल, डा. राजपाल, सतपाल आर्य, देवेंद्र सहारण, सूरजमल आर्य, कृष्ण दहिया, कर्मपाल आर्य सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चौथी कक्षा की छात्रा ने गायन में प्राप्त किया प्रदेश में अव्वल स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिफेंस कॉलोनी की चौथी कक्षा की छात्रा नैंसी ने राज्यस्तरीय अंडर-11 सांस्कृतिक कार्यक्रम रागिनी गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता रोहतक में आयोजित की गई थी। छात्रा की उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ ने बधाई दी है। स्कूल के प्राचार्य नरेंद्र खटकड़ तथा प्राथमिक विद्यालय मुख्यिा मोहन लाल ने बताया कि छात्रा नैंसी प्रतिभा की धनी है। उसकी आवाज में भी जादू है। जबकि नैंसी के परिवार का गायन से कोई ताल्लुक भी नही है। प्रतिभा तथा आवाज को देख कर संगीत प्राध्यापक शीलू कुमार ने गायन का अभ्यास करवाया। जिसके चलते नैंसी की गायन कला मे निखार आया। जिसके बलबूते पर नैंसी ने प्रदेश स्तर पर स्कूल के साथ जिले का नाम रोशन किया है।

- छात्रा नैंसी तथा सगीत के प्राध्यापक शीलू कुमार को बधाई दी




**जींद।** नैंसी को सम्मानित करते हुए।

### सीआरएसयू ने वापस लिया फीस बढ़ाने का फैसला

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन ने रिवोल्यूएशन फीस बढ़ाए जाने के फैसले को वापस ले लिया है। परीक्षा नियंत्रक डा. निहाल सिंह को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने रिवोल्यूएशन फीस न बढ़ाए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा था। जिसमें की विश्वविद्यालय द्वारा रिवोल्यूएशन रिचेकिंग के साथ-साथ विश्वविद्यालय कि कई और एग्जाम से जुड़ी फीस को 100 से 200 प्रतिशत तक के वृद्धि कर दी गई थी। इसके बाद की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं ने चेताया था कि यदि इस फीस बढ़ाने के फैसले को वापस नही लिया गया तो वह सोमवार को आंदोलन करेंगे। इसके बाद की यह निर्णय विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वापस ले लिया गया।

# पहली बैठक में बड़े फैसलेः सुरभि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद कैथल की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी व तमाम कैबिनेट के मंत्रीगणों का डीएससी (वंचित अनुसूचित जाति) समाज की 36 जातियों को आरक्षण में वर्गीकरण करते हुए सरकारी सेवाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने, लगभग 24000 युवाओ को बिना खर्ची बिना पर्ची रोजगार उपलब्ध करवाने और अपने चुनावी वायदे को शपथ लेने के तुरंत पश्चात लागू करने को एक ऐतिहासिक फैंसला दिया है। इसी के साथ साथ मुख्यमंत्री जी ने किडनी के रोगियों को मुफ्त डायलिसिस की सुविधा जिसके खर्च का वहन हरियाणा सरकार करेगी इस निर्णय का स्वागत किया है। सुरभि गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जुबान के धनी व्यक्ति है उन्होंने शपथ लेने के ततपश्चात युवाओ से किया हुआ वायदा निभाया और 24000 के लगभग युवाओ को परीक्षा परिणाम घोषित करवाकर उनके लिए इस दिवाली पर्व को उनके लिए यादगार बना दिया है। हरियाणा के युवाओं में इसके लिए खासा उत्साह पूरे प्रदेश में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 18 वर्षों से डीएससी समाज की मांग थी कि सरकारी नौकरियों में उनका कोटा अलग रखा जाए उसे पास करके हरियाणा सरकार ने ऐतिहासिक फैंसला दिया है।

### डायलिसिस निःशुल्क उपलब्ध कराने का फैसला



सुरभि गर्ग

सुरभि गर्ग ने कहा कि किसी कारणवश किडनी की गंभीर बीमारी से ग्रसित हरियाणा के नागरिक अपना इलाज नही करवा पाते थे क्योंकि डायलिसिस जैसे प्रक्रिया काफी जटिल व महंगी होती है। प्रदेश की सरकार ने आम जन की पीड़ा को समझते हुए इस रोग के रोगियों के लिए पूरे प्रदेश में डायलिसिस बिल्कुल निःशुल्क उपलब्ध करवाने का फैंसला किया है जिससे इलाज करवाने में रोगियों को सुविधा होगी। उन्होंने दावा किया कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार नॉन स्टॉप कार्य करेगी और आने वाले दिनों में ऐसे ऐतिहासिक फैंसले करेगी जिससे प्रदेश ही नही पूरे देश मे एक मिसाल कायम होगी।

# अग्रोहा मेले को लेकर बजरंग 22 को जींद में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आगामी 10 नवंबर को अग्रोहा धाम में लगने वाले राष्ट्रीय मेले को लेकर बजरंग दास गर्ग 22 अक्टूबर को जींद आएंगे। इस दिन बजरंग दास गर्ग वैश्य समाज के पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। अग्रोहा धाम के प्रदेश प्रवक्ता डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि इस बैठक में जींद के अलावा उचाना, नरवाना, सफीदों, जुलाना व पिल्लूखेड़ा इत्यादि क्षेत्रों से भी पदाधिकारी शामिल होंगे। जींद जिले से ज्यादा से ज्यादा संख्या में श्रद्धालु अग्रोहा धाम में पहुंचे इसको लेकर बैठक में रूपरेखा तैयार की जाएगी साथ ही मेले को लेकर अलग अलग क्षेत्रों के लिए टीमों का गठन भी किया जाएगा। व्यापार मंडल के जिला प्रधान महावीर कम्प्यूटरए अग्रोहा धाम के जिला प्रधान ईश्वर गोयल और नगर प्रधान अशोक गोयल इत्यादि नेतागण पूरे जिले की जिम्मेवारी सम्भाले हुए हैं। महावीर कंप्यूटर ने बताया कि आगामी 10 नवंबर को अग्रोहा धाम में जो राष्ट्रीय मेले का आयोजन किया जा रहा है उसमें हरियाणा व आसपास के राज्यों के साथ साथ पूरे देश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक भाग लेंगे। उन्होने बताया कि मेले में पूरा दिन धार्मिक अनुष्ठान, की सामाजिक गतिविधियां आयोजित होगी।

# अति वंचित वर्ग का हक दिलाने वाली पहली सरकार भाजपा : कर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



**सफीदों।** कार्यक्रम में मौजूद कर्मवीर सैनी।

कान्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि अति वंचित वर्ग का हक दिलाने वाली भाजपा देश की सबसे पहली सरकार है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लागू करके हरियाणा में नायब सैनी सरकार ने इतिहास रचा है। काफी संख्या में लोगों ने कान्फेड चेयरमैन कर्मवीर सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया। सैनी ने भी कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार सभी वर्गों का सम्मान किया जाएगा। कर्मवीर सैनी ने कहा कि भाजपा देश की पहली सरकार है, जिसने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लागू किया है। इस निर्णय से अति वंचित वर्ग को भी आगे बढने का मौका मिलेगा। 18 साल बाद इन लोगों को अपना अधिकार मिला है। सैनी ने कहा कि इसमें किसी वर्ग का हक काटा नहीं गया है बल्कि सभी का हक बांटा गया है। प्रदेश के अति वंचित वर्ग को भी मुख्य धारा में लाने के लिए यह आरक्षण का वर्गीकरण काफी महत्वपूर्ण होगा। इसके अलावा काफी अभिभावकों ने युवाओं को मैरिट के आधार पर नौकरी दिलाने के लिए भाजपा सरकार का आभार जताया। अभिभावकों ने कहा कि पहली बार उनके परिवारों से बच्चों को नौकरी मिली है, वह भी बिन किसी खर्ची और पर्ची के।



**उचाना।** नौकरी लगने वाले युवा को सम्मानित करते हुए सरपंच गोल्डी

### सरपंच ने नौकरी लगने वालों को किया सम्मानित

**उचाना।** ग्रुप सी, ग्रुप डी में नौकरी लगने वाले युवाओं को घर-घर जाकर डूमरखा कलां के सरपंच गोल्डी द्वारा सम्मानित किया गया। सरपंच द्वारा कलम, पैन देकर सम्मानित करते हुए युवाओं से आह्वान भी किया कि जिस तरह से बिना पर्ची-बिना खर्ची वो नौकरी लगे है ऐसे ही ईमानदारी से कार्य वो करें ताकि आमजन को फायदा हो। गरीब परिवार का युवा भी पढ़ाई करके नौकरी लग रहा है। अब नौकरी लगने वाले युवाओं का भी फर्ज बनता है कि जिस तरह से उन्हें मेरिट पर नौकरी मिली है ऐसे ही वो ईमानदारी से काम करें। जो कलम उन्हें दी है वो कलम ईमानदारी के लिए चले।



**राजौंद।** रविदास आश्रम में पहुंचने पर कटारिया का सम्मान करते हुए।

### रविदास आश्रम में मनोहर लाल के मीडिया एडवाइजर सुदेश कटारिया का किया स्वागत

**राजौंद।** राजौंद के जींद रोड पर स्थित गुरू रविदास आश्रम में केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के मीडिया एडवाइजर सुदेश कटारिया का कमेटी सदस्यों व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भव्य फूल मालाओं से स्वागत किया गया। आश्रम में पहुंचने पर उनका फूल माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रविदास महाराज के चरणों में अरदास कि की वह शीश झुकाकर नमन किया। इस दौरान कटारिया ने समाज में एकजुटता व विकास के रहस्य और संतो और महापुरुषों के दिखाए हुए पद चिन्हों पर चलने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर रविदास आश्रम सेवा समिति के प्रधान राजकुमार, देशराज महेश कुमार अशोक कुमार एम सी अनुराग अंकित कुमार मसी प्रतिनिधि, अंबेडकर प्रधान शमशेर, मनोज कुमार, जगत सिंह, कुलदीप सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## किसानों को हर बार फसल बेचने के लिए उतरना पड़ता है सड़कों पर : राजीव

# पराली जलाने पर एफआईआर करना किसान विरोधी फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

युवा भाकियू हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने मौजूदा भाजपा सरकार को किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि धरतीपुत्र किसानों द्वारा पराली जलाए जाने पर दो साल तक उसकी फसल एम.एस.पी. पर न खरीदना व किसानों पर एफआईआर दर्ज करना भाजपा सरकार का किसान विरोधी होने का पुख्ता सबूत है। भाकियू सरकार के इस किसान विरोधी तुगलकी फरमान की कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि कर्ज के बोझ तले दबे किसानों के जख्मों पर मरहम लगाने की बजाए सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर लगातार नमक छिडकने का काम कर रही है। जिसका भाकियू कड़ा विरोध करती है। कस्बे में स्थित भाकियू कार्यालय में बातचीत करते हुए किसान नेता राजीव आर्य ने कहा कि जिले में दर्जनों किसानों पर पराली जलाने के आरोप में दर्ज की गई एफआईआर तत्काल प्रभाव से रद्द करने के साथ सरकार द्वारा किसानों के खिलाफ जारी किया गया तुगलकी फरमान भी वापिस लिया जाए, नहीं तो भाकियू सरकार के खिलाफ सडकों पर उतरने पर विवश होगी।युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ने कहा कि वे स्वयं किसानों को निरंतर पराली ना जलाने के लिए जागरूक कर रहे है और सरकार को भी चाहिए की किसानों पर एफआईआर दर्ज करने की बजाए किसानों की हर संभव मदद करें ताकि किसान पराली जलाने की प्रथा को बिल्कुल समाप्त कर दें।



**ढाडं।** भाकियू के युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड में पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

### कम भाव पर फसले लूटने वालों के खिलाफ भी हो कार्रवाई

किसान नेता राजीव आर्य ने कहा कि किसान पहले ही अपनी मांगों व फसलों को एम.एस.पी. पर बेचने के लिए लगातार आंदोलन व संघर्षरत है और हर बार फसली सीजन में किसानों को अपनी फसलें बेचने के लिए आंदोलन के रूप में सडकों पर उतरना पड़ता है। जिसके लिए सरकार की किसान विरोधी नीतियां जिम्मेवार है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंडियों में सरकार व अधिकारियों की मिलीभगत से हर बार किसानों की खून पसीने की कमाई फसलों को औने-पौने दामों पर लूटा जाता है। इस बारे में सरकार ने कभी ठोस कदम नहीं उठाए कि किसानों की फसलों को कम भाव पर दोनों हाथों से लूटने वालों के खिलाफ कार्रवाई क्यों ना की जाए, लेकिन ऐसा नहीं होता है। जिसका परिणाम यह है कि आज भी किसानों की फसलों को लूटने का सिलसिला लगातार जारी

## खबर संक्षेप

### चाणक्य स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी मेहंदी लगाने की कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा नौ से 12 वीं की छात्राओं ने भाग लिया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। प्रधानाचार्या रीतु अत्री ने कहा प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुडऩे का अवसर प्रदान करना है।

### किठाना की यसमीन ने जीत कांस्य पदक

**राजौंद।** अमर पब्लिक स्कूल किठाना की विद्यार्थी यसमीन ने रिले रेस में राज्य स्तर पर कांस्य पदक जीता। स्कूल प्रधानाचार्या प्रियंका व स्कूल प्रबंधक सरोज ढांडा ने विद्यार्थी का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। स्कूल प्रधानाचार्य ने बताया कि रोहतक में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था जिसमें उनके स्कूल की विद्यार्थी यशमीन ने रिले रेस में तीसरा स्थान लेकर स्कूल का नाम व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया।

### रेलगाड़ी से महिला का हैंडबैग चोरी

**जींद।** जयपुर से चंडीगढ़ जा रही महिला का नरवाना स्टेशन से आगे ट्रेन में किसी ने हैंडबैग चोरी कर लिया। हैंडबैग में सोने का मंगलसूत्र था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है। रेलवे थाना पुलिस को दी शिकायत में पंचकूला निवासी अखिलेश कुमारी ने कहा कि नौ अक्टूबर को वह अपने परिवार के साथ ट्रेन नंबर 19411 में जयपुर से चंडीगढ़ आ रही थी।

### युवती से दुष्कर्म, तीन महिलाओं सहित पांच पर केस दर्ज

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में तीन महिलाओं सहित पांच व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। करनाल की एक युवती ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी कैथल के सचिन रोहिल्ला के साथ जान पहचान थी। आरोप है कि सचिन ने उसे शादी के झांसा देकर 25 अप्रैल 2022 को उसके साथ कैथल के आइलवयू कैफे में दुष्कर्म किया।

### जिलेभर में उत्साह व रीति-रिवाज से मनाया करवाचौथ पर्व

# व्रत रखकर सुहागिनों ने की पति की लंबी उम्र की कामना

**सुहागिनों ने पौराणिक कथा सुनकर अपने पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। आज सभी महिलाओं ने पूरे 16 श्रृंगार किए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिलेभर में रविवार को करवाचौथ का व्रत बड़े ही उत्साह व रीति-रिवाज से मनाया गया। सुहागिनों ने अपने सुहाग की लम्बी आयु के लिए व्रत रखा तथा रीति-रिवाजों के साथ पूजा आराधना की। भारतीय संस्कृति में अनेक व्रत व त्यौहार मनाए जाते है, लेकिन करवाचौथ के व्रत का अपना ही एक महत्व है जिसका इन्तजार प्रत्येक स्त्री को रहता है। करवाचौथ का व्रत रखकर पत्नी पति की लंबी आयु की कामना करती है व घर परिवार में खुशहाली की प्रार्थना कर चंद्रोदय के बाद अर्ध्य देकर अन्न-जल ग्रहण किया। दोपहर बाद सुहागिनों ने पौराणिक कथा सुनकर अपने पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। आज सभी महिलाओं ने पूरे 16 श्रृंगार किए।

पंडित राजकुमार शर्मा ने बताया कि कार्तिक मास की चतुर्थी को यह व्रत मनाया जाता है, जिस कारण इसका नाम करवाचौथ पड़ा। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में सबसे पहले द्रोपदी ने इस व्रत को अर्जुन की याद में रखा था, जब अर्जुन तप कर रहा था, तो द्रोपदी को उसकी याद आई और श्रीकृष्ण भगवान से पूछने पर उसने यह व्रत रखा।



**कैथल।** करवा चौथ के व्रत पर छलनी से चांद व पति को निहारिता सीवन की विवाहिता

### महिलाओं ने सुनीं कहानी

महिलाओं ने जिले भर में करवे की कहानी सुनी। करवाचौथ को लेकर पिछले कई दिनों से महिलाएं तैयारियों में लगी हुई थी। करवाचौथ का व्रत पति पत्नी के प्रेम को बढ़ाता है व उनके रिश्तों में अटूट बंधन की डोर को मजबूत बनाता है।

यह पर्व आधुनिक समाज में आत्मिक भावनाओं को प्रकट करने का शुभ अवसर होता है। आज के दिन धर्मपरायण, निष्ठावान महिलाएं नीर जल, निराहार इस व्रत को पूर्ण करके सौभाग्य की प्राप्ति करती हैं। वास्तव में यह व्रत दाम्पत्य जीवन के मनमुटाव तथा सूक्ष्म, विघ्न बाधाओं को दूर करने में समर्थ है। इस दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करके सजधज के बहुत सुंदर रूप में दिखती हैं। नए मन भावन वस्त्र पहनकर हाथों में मेहंदी रचाकर अपने विवाह के प्यारे पलों को याद करती हैं। सभी प्रकार के आधुनिक व खानदानी आभूषणों को धारण करके ईश्वर के समक्ष दिनभर के बाद रात को चंद्रमा उदय होने पर उसे प्रेम पूर्वक अर्घ देकर अपने पति के दर्शन कर व्रत खोलती हैं।



**कैथल।** सीवन में करव चौथ पर एकत्रित हुई महिलाएं। फोटो : हरिभूमि



**सफीदों।** पुरानी अनाज मंडी में करवा चौथ माता की कथा करती हुई महिलाएं। फोटो : हरिभूमि



**जींद।** हाथों पर लगाई मेहंदी दिखाती हुई महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### धूमधाम से मनाया करवाचौथ का त्योहार

**सफीदों।** नगर के करवा चौथ का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने चौथ माता की कथा व पूजा करके अपने सुहाग की दीर्घायु व परिवार में कुशलता कामना की। इस मौके पर महिलाओं ने मंगल गीत भी गाए और करवा चौथ के त्यौहार की महता का बखान भी किया। इस अवसर पर महिलाओं ने नृत्य, अंताक्षरी, गायन, कविता पाठ व कैटवाट के कार्यकम आयोजित किए तथा उनका जमकर लुत्फ उठाया तथा अपने-अपने हाथों पर लगाई गई सुंदर-सुंदर मेहंदी का प्रदर्शन किया। महिलाओं ने बाजारों में जमकर खरीददारी की तथा सज धजकर इस त्यौहार को मनाया। त्योहार की तैयारियों के चलते बाजारों में भारी चहल-पहल रही। गौरतलब है कि करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जल व्रत रखती हैं। इस दिन महिलाएं सूर्योदय से लेकर चंद्रमा के दर्शन तक बिना जल ग्रहण किए रहती हैं। महिला सरला मित्तल ने बताया कि करवा चौथ का पर्व सौभाग्यवती स्त्रियों के लिए होता है। करवे में भरकर मीठा सामान देने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है तथा करवें में अन्न भरकर देने से धनधान्य की व दुर्वा के अंकुर देने से वंश की वृद्घि होती है। महिला नीशा तायल ने बताया कि इस दिन गणेश महाराज तथा चौथ माता का पूजन पति की दीर्घायु के लिए होता है। महिलाएं चांद को अर्ग देकर अपना व्रत खोलती है तथा निराहार रहने वाली महिलाओं को व्रत का सौ गुणा फल ज्यादा मिलता है। वहीं रेखा गर्ग ने बताया कि करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जल व्रत रखती हैं। इस दिन महिलाएं सूर्योदय से लेकर चंद्रमा के दर्शन तक बिना जल ग्रहण किए रहती हैं। वहीं रेणू सिंगला ने कहा कि भारतीय परंपरा में करवा चौथ के त्यौहार का विशेष महत्व है। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए महिलाएं करवाचौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं।

## डीएपी खाद के लिए लाइन में लगी महिलाएं

- भूखी, प्यासी महिलाओं ने डीएपी खाद लेने के लिए घंटों करना पड़ा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

भारतीय संस्कृति में करवा चौथ के व्रत का बड़ा महत्व है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखते हुए अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है। करवा चौथ के व्रत के दिन उचाना की मंडी में हैफेड की सरकारी दुकान के बाहर महिलाएं लंबी लाइन में लगी नजर आई। करवा चौथ के व्रत के दिन डीएपी खाद के लिए महिलाएं लाइन में लग कर डीएपी खाद मिलने का इंतजार करती नजर आई।

डीएपी खाद हैफेड की सरकारी दुकान पर आने की जानकारी मिलने के बाद रविवार सुबह ही किसान मंडी पहुंच गए थे। गेहूं की बिजाई से पहले डीएपी खाद की जरूरत किसानों को होती है। अब से ही डीएपी खाद को लेकर ये हाल है तो आने वाले दिनों में क्या हाल होगा इसका अंदाजा मंडी में डीएपी खाद को लेकर लगी लंबी लाइन से नजर आया। डीएपी लेने आई महिला सुमन, राजो, बीरमती ने कहा कि करवा चौथ के व्रत के दिन भी डीएपी खाद लेने के लिए मंडी में आना पड़ा है। यहां पर भी लंबी लाइन में लगना पड़ा। कई घंटों के बाद जब खाद के बैगों की पर्ची मिलनी शुरू हुई तो नंबर आया। कई दिनों से खाद लेने के लिए उनके परिवार के सदस्य मंडी आ रहे है लेकिन खाद नहीं आ रहा था।



**उचाना।** पुरानी मंडी में खाद के लिए लाइन में लगी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## धूमधाम से मनाया करवाचौथ का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

महिलाओं का त्यौहार करवा चौथा सीवन में धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने व्रत रख कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। सुबह से ही ब्यूटी पार्लरों पर महिलाओं की चहल पहल देखने को मिली। शनिवार देर रात तक महिलाओं ने व्रत की तैयारी की और हाथों पर मेंहदी रचाई। महिलाएं शालिनी, उषा चौधरी, पंकु रहेजा, ममता तनेजा, ममता सरदाना, आभा, मोनिका चौधरी, दीपिका सरदाना व अन्य ने बताया कि यह दिन महिलाओं के लिए खास है और विशेष महत्व भी रखता है। यह वह दिन है जब महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए और सुख समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं और पूरा दिन अन्न व जल ग्रहण नहीं करती। रात को चांद देख कर वह जल ग्रहण करती हैं। यह व्रत पति पत्नी के बीच के अटूट प्रेम और निष्ठा का प्रतिक है। करवा चौथ यह भी सिखाता है कि प्रेम का सही अर्थ तब है जब उसमें समर्पण, त्याग और तपस्या हो। उन्होंने बताया कि इस दिन के लिए उन्होंने विशेष तैयारी की है। नए कपड़े, नए गहने, श्रृंगार का सामान लिया और पार्लर पर बुकिंग करवा कर कई दिनों पहले अपनी तैयारी आरंभ कर दी थी। करवा चौथ के लिए व्रत से एक दिन पहले मेंहदी लगवाई और रविवार को उन्होंने व्रत रखा। शाम के समय पूजा की और करवा माता की कहानी सुनी। महिलाओं ने बताया कि करवा चौथ पर रात में पति पत्नी चांद की पूजा साथ में करते हैं। पत्नी चांद को अर्ध्य देती है और फिर छलनी की ओट से अपने पति को देखती है। पति इसके बाद करवा से से अपनी पत्नी को पानी पिलाता है और फिर कुछ मीठा खिला कर उसका व्रत संपूर्ण कराता है।



**सीवन।** सीवन मे करवाचौथ का त्यौहार मनाती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

## कालेज में करवाई मेहंदी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल में प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के कुशल मार्गदर्शन, महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मुकेश चहल की देखरेख एवं निर्देशन में करवा चौथ के पावन पर्व के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व प्रांगण में मेहंदी प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने बड़े ही मनोयोग से सक्रिय सहभागिता की व अपने-अपने सृजनात्मक कौशल को मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से व्यक्त किया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. मुकेश चहल ने बताया कि करवा चौथ भारत का सबसे प्राचीन व महत्वपूर्ण पर्व है जो सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए कठोर व्रत धारण कर मनाती है। उन्होंने कहा कि खास अवसरों पर हाथों में मेहंदी लगाना हमारी प्राचीन संस्कृति है। मेहंदी लगाना शुभ माना जाता है। मांगलिक अवसरों पर भी मेहंदी लगाने की परंपरा है क्योंकि यह सौभाग्य की प्रतीक मानी जाती है।इस प्रतियोगिता में प्रेरणा बीए द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान व मानसी बीकॉम द्वितीय वर्ष और प्रोमिला बी.ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान, निशा बी.ए प्रथम वर्ष व रज्जी बीए द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




**ढांड।** प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



**राजौंद।** बिरला स्कूल में करवाचौथ पर्व के उपलक्ष में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए।

### मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**राजौंद।** बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक की सभी बच्चियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। स्कूल प्राचार्या जसविंदर मालिक ने बताया कि करवाचौथ के उपलक्ष में स्कूल में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने बहुत ही आकर्षक डिजाइन बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं के साथ-साथ प्रतियोगिता में अभिभावकों व अध्यापिकाओं ने भी भाग लिया। प्राचार्या ने कहा समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यालय में आयोजित की जाती हैं जिससे बच्चों में रचनात्मक विकास के साथ-साथ अन्य छुपी प्रतिभाओं को भी निखारा जाता है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को स्कूल प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहा।

## सुहागिनों ने चांद देखकर खोला व्रत

- भूखे प्यासे रहकर की पति की लंबी उम्र की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

करवा चौथ का व्रत बड़े ही उत्साह व प्राचीन रीति-रिवाज से मनाया गया। सुहागिनों ने अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए व्रत रखा व मां पार्वती की पूजा आराधना की। भारतीय संस्कृति में अनेक व्रत व त्यौहार मनाये जाते है, लेकिन करवा चौथ के व्रत का अपना ही एक महत्व है। जिसका इंतजार प्रत्येक स्त्री को रहता है। करवा चौथ का व्रत रखकर पत्नी पति की लंबी आयु की कामना करती है व घर परिवार में खुशहाली की प्रार्थना कर चंद्रोदय के बाद अर्घ्य देकर अन्न-जल ग्रहण करती है। दोपहर बाद सुहागिनों ने पौराणिक कथा सुनकर अपने पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। सभी महिलाओं ने पूरे 16 श्रृंगार किए। पूंडरी स्थित मंदिर की पुजारी दीपा शर्मा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया कि कार्तिक मास की चतुर्थी को यह व्रत मनाया जाता है। जिस कारण इसका नाम करवा चौथ पड़ा। प्राचीन काल में सबसे पहले द्रौपदी ने इस व्रत को अर्जुन की याद में रखा था।



**पूंडरी।** करवाचौथ का व्रत रख कथा सुनती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### हवा में प्रदूषण का स्तर (एक्यूआई) 200 से ऊपर पहुंचा

# त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही वातावरण होने लगा जहरीला

- सास, दमे व एलर्जी के मरीज रखें अपना विशेष ध्यान : डा. भोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही अब शहर का वातावरण भी धीरे-धीरे जहरीला होने लगा है। इस समय वातावरण में स्मॉग छा रहा है। जो आंखों में जलन पैदा कर रहा है। हवा में प्रदूषण का स्तर (एक्यूआई) 200 से ऊपर पहुंच गया है। 200 से ज्यादा एक्यूआई सेहत के लिए हानिकारक माना जाता है। इसे लेकर कृषि विभाग भी सख्त हो गया है और विभाग द्वारा फसल अवशेष जलाने के मामले में अलेवा, नगूरां, पेगां, थुआ में चार किसानों पर केस दर्ज किया गया है। अबतक जिले में मिल चुकी 49 फायर लोकेशन मिल चुकी हैं। इनमें 38 किसानों पर 95 हजार जुर्माना कृषि विभाग द्वारा किया गया है।

10 अक्टूबर को उन्हें हरसेक से उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि थुआ गांव में खेतों में आग लगाई गई है। इस पर वह हलका पटवारी विरेंद्र को लेकर मौके पर पहुंचा और साइट पर किसान बलवंत के खेत में धान के फसल अवशेष जलाए गए थे। इस पर किसान बलवंत को 2500 रुपये जुर्माना किया गया। अब सरकार के आदेश हैं कि फसल अवशेष जलाने वाले किसानों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाई जाए।



**जींद।** सुबह के समय छाया स्मॉग। फोटो : हरिभूमि

### इन तरीकों से बचाएं अपने आप को

1. तेज बाइक चलाने से बचें। बाइक चलाते हुए चश्मे का प्रयोग करें।
2. आंख से पानी आने या जलन की समस्या होने पर चिकित्सक की सलाह लें।
3. घर में ही रह कर नियमित व्यायाम करें।
4. इस समय सुबह व शाम की सैर को कुछ दिनों के लिए रोक दें और घर में ही रहकर व्यायाम करें।
5. एलर्जी के मरीजों को इस समय खुले में ज्यादा घूमने से बचना चाहिए।
6. घर से बाहर निकलते हुए मास्क का प्रयोग करें।

### पराली जलाने वाले किसानों पर दर्ज हो रहे हैं मामले

कृषि विभाग के सहायक प्रोद्योगिक प्रबंधक मेजर सिंह को हरसेक से सूचना मिली थी कि पेगां गांव में खेतों में आगजनी हुई है। मौके पर गांव के नंबरदार के साथ जाकर देखा गया तो यहां फसल अवशेष जलाए गए थे। किसान नरेश को बुलाकर जवाब मांगा गया लेकिन वह कोई जवाब नहीं दे पाया। वहीं कृषि एवं

### सास, दमे व एलर्जी के मरीज रखें अपना विशेष ध्यान : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि इस समय हवा में प्रदूषण का स्तर 200 पहुंच चुका है। प्रदूषण बढने से सांस, दमा, एलर्जी के मरीजों की परेशानियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में एलर्जी मरीजों को इस दौरान बाहर बेहद कम निकलना चाहिए। बाहर निकलते हुए मास्क का प्रयोग करना चाहिए।

### यह है एक्यूआई स्तर

0-50 स्वास्थ्य के लिए बेहद अच्छा, 51-100 संतोषजनक (संवेदनशील लोगों को सांस लेने में मामूली तकलीफ), 101-200 संतुलित (फेफड़े, दमा और हृदय रोग से पीड़ित लोगों को सांस लेने में तकलीफ ), 201-300 पूअर (लंबे समय तक एक्सपोजर पर ज्यादातर लोगों को सांस लेने में तकलीफ ), 301-400 वैरी पूअर (लंबे समय तक एक्सपोजर पर सांस की बीमारी होने का खतरा), 400-500 बेहद गंभीर जो स्वस्थ लोगों को भी प्रभावित करता है और सांस की बीमारियों वाले लोगों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

### करवाचौथ का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया

**राजौंद।** नगर में करवाचौथ का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा। महिलाओं ने करवे की कहानी सुनी। करवाचौथ को लेकर पिछले कई दिनों से महिलाएं तैयारियों में लगी हुई थी। करवाचौथ का व्रत पति पत्नी के प्रेम को बढ़ाता है व उनके रिश्तों में अटूट बंधन की डोर को मजबूत बनाता है। यह पर्व आधुनिक समाज में आत्मिक भावनाओं को प्रकट करने का शुभ अवसर होता है। आज के दिन धर्मपरायण, निष्ठावान महिलाएं नीर जल, निराहार इस व्रत को पूर्ण करके सौभाग्य की प्राप्ति करती हैं। वास्तव में यह व्रत दाम्पत्य जीवन के मनमुटाव तथा सूक्ष्म, विघ्न बाधाओं को दूर करने में समर्थ है। इस दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करके सजधज के बहुत सुंदर रूप में दिखती हैं। नए मन भावन वस्त्र पहनकर हाथों में मेहंदी रचाकर अपने विवाह के प्यारे पलों को याद करती हैं।